तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 12 दिसम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



12 बच्चों के मध्यान्ह भोजन की थाली से गायब हुए पौष्टिक आहार




## खबर संक्षेप

### कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 को

**बलरामपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा (जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा) आगामी 13 दिसंबर को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक जिले के कुल 19 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी 10 बजे तक पहुंचना सुनिश्चित करें।

### एसजीजीयू में बढ़े 2000 स्वाध्यायी परीक्षार्थी

**अम्बिकापुर।** इस बार एसजीजीयू के स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है तथा 2 हजार स्वाध्यायी परीक्षार्थी बढ़े हैं। परीक्षा प्रभारी सीएल टंडन ने बताया कि संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सेमेस्टर परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन परीक्षा आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर तक निर्धारित थी। लगभग एक माह तक परीक्षा आवेदन करने के लिए परीक्षार्थियों को अवसर दिया गया जिसका परिणाम हुआ कि परीक्षार्थियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की संख्या में भी लगभग 2000 की वृद्धि हुई है विवि द्वारा परीक्षा की समय सारणी घोषित कर दी गई है। परीक्षाएं 16 दिसंबर से प्रारंभ होंगी। परीक्षा के लिए 55 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए है। विश्वविद्यालय से महाविद्यालयों को परीक्षा सामग्री प्रेषित किया जा रह रहा है। परीक्षा केंद्रों में परीक्षा के संचालन के लिए केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति के लिए महाविद्यालय से प्रस्ताव मांगे गए हैं। उत्तर पुस्तिकाओं की आवश्यकता के संबंध में भी जानकारी महाविद्यालयों एवं परीक्षा केंद्रों से मांगी गई है। इस सत्र में 45460 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 15000 ज्यादा है। स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की संख्या में भी 2000 की वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं होगी, जिसमें नियमित, भूतपूर्व एवं एटीकेटी परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। सीबीसीएस सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के नियमित, भूतपूर्व एवं एटीकेटी परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

### 600 बोरा अवैध धान लोड ट्रक को अधिकारियों ने किया जब्त

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी राज्यों से कोचियों के अवैध धान की आवक रोकने प्रशासन द्वारा जगह-जगह जांच चौकी बनाई गई है साथ ही प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार विभिन्न क्षेत्रों में चौकसी कर रही है। इन सबके बावजूद कोचिए लगातार अवैध धान का परिवहन कर रहे हैं। गुरूवार को सुबह राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने वाड्रफनगर में 600 बोरी अवैध धान लोड एक ट्रक को जब्त किया है। सुबह यूपी से धान परिवहन कर रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीजे 7293 को रोककर अधिकारियों ने चालक से पूछताछ की तथा धान के संबंध में दस्तावेज मांगा। धान से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण टीम ने ट्रक जब्त कर वाड्रफनगर पुलिस के सुपुर्द किया है।

### मैनपाट में शीतलहर से राहत पारा पहुंचा 6 डिग्री के ऊपर

**अम्बिकापुर।** पठारी क्षेत्र मैनपाट के तापमान में गुरूवार को 1.0 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है जबकि अम्बिकापुर के तापमान में 0.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी आगामी दो दिनों तक तापमान के यथावत रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मैनपाट स्थित आलू अनुसंधान केंद्र में बुधवार को न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री रिकॉर्ड किया था वहीं गुरूवार को पारा 6.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। इसके विपरीत अम्बिकापुर का तापमान पिछले तीन दिनों से 5.0 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर था तथा गुरूवार को पारा 4.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी शुक्रवार को भी शीतलहर चलने एवं मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मैनपाट के न्यूनतम पारा में वृद्धि होने से शीतलहर से राहत है। हालांकि अभी भी क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

## सर्व आदिवासी समाज ने किया प्रदर्शन, धारा 144 लागू

# विधायक के जाति प्रमाण पत्र मामले में सुनवाई 29 तक टली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बलरामपुर

**खास बात**

- दस्तावेज पेश करने का मांगा गया समय, छानबीन समिति ने दिया समय

विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते के जाति प्रमाण पत्र को लेकर सुनवाई एक बार फिर से आगे बढ़ गई है। अब 29 दिसम्बर को दस्तावेज पेश करने के बाद इस प्रकरण की सुनवाई होगी। इधर सुनवाई के बीच सर्व आदिवासी समाज ने विधायक के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान जिले में जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

बता दें कि प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते के जाति प्रमाण पत्र को लेकर चल रहे विवाद के बीच गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुनवाई हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर द्वारा कलेक्टोरेट परिसर के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू कर दी गई थी और बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गा था। जिला स्तरीय छानबीन समिति के समक्ष सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने अपने अपने दस्तावेज पेश किए। सुनवाई में विधायक श्रीमती पोर्ते उपस्थित नहीं हुई। उनकी ओर से उनके अधिवक्ता ने पक्ष रखा। विदित हो कि बिलासपुर हाईकोर्ट ने विधायक के जाति प्रमाण पत्र को लेकर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए प्रमाण पत्र का सत्यापन करने का आदेश बलरामपुर जिला स्तरीय छानबीन समिति को दिया है। बलरामपुर जिला स्तरीय छानबीन समिति के चौथे नोटिस पर 27 नवंबर को विधायक के वकील ने दस्तावेज जमा किया था। विधायक शकुंतला पोर्ते के वकील ने पिछली सुनवाई में यह दावा किया था कि जिला स्तरीय छानबीन समिति को जाति प्रमाणपत्र मामले की सुनवाई का अधिकार नहीं है। इसलिए यह सुनवाई अवैध है। समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर हैं। आज भी वकील ने यही तर्क दिया। वहीं शिकायतकर्ताओं के अधिवक्ता ने राज्य शासन द्वारा जिला स्तरीय छानबीन समिति के गठन, प्रावधान एवं क्षेत्राधिकार को लेकर जारी नोटिफिकेशन के दस्तावेज पेश किए और बताया कि समिति जाति प्रमाणपत्र के वैधता दावे की सुनवाई कर सकती है। दोनों पक्षों द्वारा पेश दस्तावेजों के अवलोकन के बाद समिति ने अगली सुनवाई की तारीख 29 दिसंबर तय की है और इसी दिन अब मामले में बहस होगी।



धरना-प्रदर्शन करते सर्व आदिवासी समाज के लोग।

### सर्व आदिवासी समाज ने निकाली रैली

बता दें कि सर्व आदिवासी समाज लम्बे समय से विधायक के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त करने की मांग कर रहा है। पिछली बार हुई सुनवाई के दौरान जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई थी जिसके बाद कलेक्टर ने इस बार जिले में धारा 144 लागू कर दी व पुलिस बल को तैनात किया था। गुरुवार को सुनवाई के पहले सर्व आदिवासी समाज ने बलरामपुर बाजार परिसर में बैठक की जिसमें जिसमें समाज के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मामले को लेकर अपनी राय रखी। बैठक के बाद सर्व आदिवासी समाज ने रैली निकाली और सड़क पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बेरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया लेकिन पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। समाज का आरोप है कि प्रशासन जानबूझ कर मामले में लेट लतीफी कर रहा है। ऐसे में समाज ने जमकर प्रदर्शन किया।

### हमने पेश किए अपने सभी दस्तावेज

पहली सुनवाई में हमने अपनी बात रखी और नियमित सुनवाई की मांग की। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने दस्तावेज जमा नहीं किए और छानबीन समिति को सुनवाई का अधिकार नहीं होने की बात कही है। हमने अपने दस्तावेज और छग का राजपत्र भी जमा कर दिया है जिसमें छानबीन समिति को सुनवाई करने का अधिकार है। न्यायालयीन प्रक्रिया है और छानबीन समिति के सामने कुछ दस्तावेज अन्य कार्यालय से आना शेष है इसलिए 29 दिसम्बर का समय तय हुआ है दस्तावेज आने के बाद बहस होगी।

-भानु प्रताप सिंह
अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष

# सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मी से जमीन दिलाने के नाम पर 78 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार



एसईसीएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी को जमीन दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने दम्पति से मकान व फार्म हाउस बनाने के लिए जमीन दिलाने के नाम पर 78 लाख 97 हजार रुपए ठग लिए। पांच साल पुराने ठगी के इस मामले में जांच उपरांत पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के सत्तीपारा निवासी महिला के पति वर्ष 2020 में एसईसीएल से सेवानिवृत्त हुए है। रिटायरमेंट के बाद अपना एक घर और फार्म हाउस बनाने की योजना बनाकर दम्पति आस पास के क्षेत्र में वर्ष 2019 से जमीन खोज रहे थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात दत्ता कॉलोनी निवासी निकुंज गुप्ता से हुई। निकुंज गुप्ता ने दम्पति को जमीन दिलाने के लिए शहर के रॉयल पार्क कॉलोनी के पीछे ले जाकर लगभग पौने दस डिसमिल जमीन दिखाई। उक्त जमीन किसी अनिल अग्रवाल का होने व भूमि स्वामी की बहन को कैंसर होने के कारण उपचार के लिए जमीन बेचने की बात कही। आरोपी ने दम्पति को जमीन का एग्रीमेंट अपने नाम से कराकर रखने की बात बोलकर विश्वास दिलाया गया कि जमीन वह सीधे जमीन की रजिस्ट्री कर देगा। इस दौरान दोनों के बीच उक्त जमीन के लिए 2 लाख 10 हजार रुपए प्रति डिसमिल के हिसाब से सौदा तय हुआ था। सौदा होने के बाद वह लगातार किसी न किसी बहाने से एडवांस लेते रहा और रजिस्ट्री टालते रहा। मार्च 2019 तक उसने महिला से 17 लाख 5 हजार रुपए ले लिया था लेकिन इसके बाद भी वह रजिस्ट्री नहीं कर रहा था और भूमि स्वामी के बहन की तबियत गंभीर होने का बहाना बनाकर टाल दिया। इसके बाद आरोपी ने फिर से महिला को ठगने के लिए टाइम आउट सिनेमा के सामने 2 एकड़ 37 डिसमिल जमीन दिखाई और बताया कि दो राजवाड़े भाई जमीन को बेच रहे है। आरोपी ने उन्हें झांसे में लेकर जमीन खरीदने के लिए राजी कर लिया और पैसे लेता रहा। आरोपी ने जमीन दिलाने के नाम पर दम्पति से 78 लाख 97 हजार रुपए की ठगी की और फिर बाद में मुकर गया। ऐसे में महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने भादवि की धारा 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज किया था और आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गांधीनगर शिल्पी एजेंसी शनि मंदिर के आगे रहने वाले 44 वर्षीय निकुंज गुप्ता आ. बालकेश्वर गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने ठगी करने और रकम को खर्च होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, उनि नवलकिशोर दुबे, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, बंधु सारथी, आरक्षक जितेश साहू, रमेश राजवाड़े, राहुल केरकेट्टा, अमन पूरी, राहुल सिंह, महिला आरक्षक प्रिया रानी, सरस्वती सिंह, मोती केरकेट्टा सक्रिय रहे।

## मोरगा पुलिया के समीप पलटी बोलेरो, एक की मौत, तीन घायल

**अम्बिकापुर।** मोरगा पुलिया के समीप बोलेरो अनियंत्रित हो गई पलट गई। दुर्घटना में वाहन सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। एक की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर किया गया है। वाहन सवार दो लोग साप्ताहिक बाजार मोरगा से कपड़ा बेचकर वापस घर लौट रहे थे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम गुमगा निवासी पनमेश्वर (55 वर्ष) साप्ताहिक बाजार में कपड़ा बेचन का काम करता था। बुधवार को साप्ताहिक बाजार मोरगा कपड़ा बेचने गांव के ही चंद्र प्रकाश यादव के साथ बोलेरो क्रमांक सीजी 15 बी 7460 से गया था। शाम को कपड़ा बेच कर दोनों बोलेरो से वापस लौट रहे थे तभी रास्ते में गांव के ही मिथलेश और अरविंद मिले जिसे वाहन में बैठा कर आने लगे। वाहन सवार जैसे ही मोरगा पुलिया के समीप पहुंचे तभी चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन सड़क किनारे अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में वाहन सवार चारो घायल हो गए। घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत पनमेश्वर को मृत घोषित कर दिया जबकि मिथलेश की हालत नाजुक होने पर रायपुर रेफर कर दिया। वहीं चंद्र प्रकाश व अरविंद का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## शादी का दबाव बना रही थी युवती इसलिए कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- गला घोंटकर उतारा मौत के घाट, मां-बेटा गिरफ्तार

प्रेमिका द्वारा शादी का दबाव बनाने से नाराज युवक ने अपनी मां के साथ मिलकर युवती की हत्या कर दी। आरोपियों ने लाश को जंगल में छोड़ दिया और फरार हो गए। रामचंद्रपुर पुलिस ने युवती की हत्या के मामले में मां-बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के सनावल क्षेत्र में रहने वाली युवती रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। युवती रात के समय घर से बिना बताए निकली थी और फिर वापस नहीं लौटी।

काफी खोजबीन के बाद भी जब युवती का पता नहीं चला तो उसके भाई ने 8 दिसंबर को सनावल थाना में मामले की सूचना दी थी। ऐसे में सनावल पुलिस द्वारा गुम इंसान कायम कर युवती की तलाश की जा रही थी। इस दौरान 9 दिसम्बर को रामचंद्रपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिलाजु चना महुआ जंगल में एक अज्ञात महिला की लाश मिली थी। ग्रामीणों की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतिका की पहचान गुमशुदा के रूप में की गई थी जिसके बाद रामचंद्रपुर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम सिलाजु में रहने वाले मृतिका के प्रेमी रविन्द्र गोंड को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके और मृतिका के बीच प्रेम प्रसंग था और लगातार मृतिका उससे शादी का दबाव बना रही थी जिससे नाराज होकर उसने युवती के हत्या की योजना बनाई। घटना दिवस को आरोपी अपनी मां के साथ मृतिका के गांव पहुंचा और किसी बहाने से उसे लेकर निकल गया। रात के समय वापस घर छोड़ने जाने के बहाने सिलाजू जंगल में गमछा से आरोपी ने मृतिका एक गले को दबाकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी रामचंद्रपुर के ग्राम सिलाजु निवासी रविन्द्र कुमार गोंड आ. रामनाथ गोंड व 45 वर्षीया हेमंत पति देवनाथ उर्फ रामनाथ गोंड को बीएनएस की धारा 103(1), 238, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# जेडी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले स्वास्थ्यकर्मी, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ और कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में दो स्वास्थ्य कर्मियों उपस्थिति पंजी में एक दिन का अतिरिक्त हस्ताक्षर करने की जानकारी सामने आई। वहीं अस्पताल में कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

जेडी ने सभी कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए है। बताया जा रहा है कि संभागीय संयुक्त संचालक डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने 10 दिसम्बर को बलरामपुर जिले के सीएचसी शंकरगढ़ और कुसमी का निरीक्षण किया। सीएचसी शंकरगढ़ के निरीक्षण के दौरान दोपहर 12.15 बजे श्रीमती आस्था पटले व श्रीमती असरित एक्का द्वारा अग्रिम एक दिवस का उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर किये जाने की पुष्टि हुई इसके साथ ही श्रीमती प्रेममनी भगत आरती भगत शैलजा यादव आशा रवि पुनम एक्का अंगत पैकरा कुदीप एक्का दिगेश व संजय दास अनुपस्थित पायें गयें। इसी तरह सीएचसी कुसमी में निरीक्षण के दौरान सुभाष राम, डॉ. सृष्टि कुर्रे, श्रीमती सुभासिनी बेक, श्रीमती गंगावती भगत, मंदकिशोर, श्रीमती शोभा बडा अनुपस्थित पाए गए। ऐसे में जेडी ने सभी को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही अस्पताल में साफ सफाई की कमी, दवाओं के रखरखाव का आभाव था। लैब में अनुपयोगी सामान, यूज किया हुआ नीडिल इधर उधर रखा गया था। दवाओं के डब्बे पर मेनूफेक्वचरिंग डेट व एक्सपायरी डेट अंकित नहीं थे। एक्स-रे की सुविधा मरीजों को सही समय पर प्राप्त नहीं हो रहा है।

आयुष्मान कार्ड का ब्लॉकिंग अपेक्षाकृत कम पाया गया। उन्होंने लापरवाही किए जाने पर कर्मचारियों पर निलंबन की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्धोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### मृदा संरक्षण कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

**बिश्रामपुर।** मृदा संरक्षण कार्यक्रम के अवसर पर आज गुरुवार को पीएम श्री सेजेस जयनगर में मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया,जिसमें मिट्टी नमूना एकत्र करने के बारे में बताया गया,मिट्टी की उपयोगिता संरक्षण उत्पादक तथा विविध सूचक पोषक तत्व का मिट्टी से संबंध को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अशोक सोनवानी द्वारा व्यापक रूप से विद्यार्थियों के बीच जानकारी दी गई,इस दौरान विद्यार्थी भी कुछ अनोखा सीखने को उत्सुक नजर आए, मिट्टी नमूना लेने की वैज्ञानिक तरीकों को प्रैक्टिकल रूप में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ब्लॉक टेक्नोलॉजी श्रीमती पायल गिरी एवं रवींद्र व्यास,पंकज बेक द्वारा समझाया गया एवं ऑनलाइन करने की विधि को बताया गया,प्रशिक्षण को सफल बनाने में विद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा विद्यालय की प्राचार्य पुष्पा राय,पूर्व प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली निवासी मुंशी मिंज आ. स्व. साधू मिंज (78 वर्ष) 8 दिसंबर को घर में अकेले था जबकि बेटा व बहू खेत में काम करने गए थे। शाम को घर आए तो वृद्ध ठीक था। रात लगभग 10 बजे वृद्ध कीटनाशक पी लिया और दौड़ते हुए पुत्र के पास पहुंचा और कीटनाशक पी लेने की बात बताई। परिजन वृद्ध को शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई।

### ग्राम पंचायत गोन्दा सहित अन्य स्कूलों में मनमानी तरीके से बनाए जा रहे मध्यान्ह भोजन

# बच्चों के मध्यान्ह भोजन की थाली से गायब हुए पौष्टिक आहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा कई योजनाएं संचालित है जिसका लाभ शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को मिल रहा है। बच्चों में पढ़ाई को लेकर रुचि बढ़े इसके लिए शासन द्वारा सभी प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की है। स्कूलों में मध्यान्ह भोजन शुरू करने से न सिर्फ स्कूलों में बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई बल्कि मध्यान्ह भोजन से मिल रहे पौष्टिक आहार से बच्चों के स्वास्थ्य पर ही अच्छा असर देखने को मिल रहा है। परंतु कई ग्राम पंचायत ऐसे है जहां मध्यान्ह भोजन के नाम पर केवल बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रतापपुर विकासखंड के अधिकांश ग्राम पंचायतों के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का हाल बेहाल है। देख रेख के अभाव में मध्यान्ह भोजन मनमानी तरीके से उपलब्ध कराई जा रही है जिससे बच्चे पौष्टिक आहार से वंचित है।

**खास बात**

- विकासखंड के अधिकांश स्कूल के मध्यान्ह भोजन का हाल बेहाल

विकासखंड प्रतापपुर इन दिनों शिक्षा विभाग की लापरवाही का खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। स्कूलों की निगरानी और गुणवत्ता सुधार की जिम्मेदारी उठाने वाले अधिकारी खुद लापरवाह बन चुके हैं। दो दिन पूर्व ही ग्राम पंचायत गोन्दा के माध्यमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में देखने को मिला, जहां मध्याह्न भोजन योजना बच्चों के लिए पोषण नहीं बल्कि बीमारी का कारण बन गई है। ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामीण और छात्रों के परिजन स्कूल पहुंचे, जहां भोजन की वास्तविक स्थिति देखकर आक्रोशित हो उठे। परिजन का आरोप है कि उनके बच्चे सुबह स्वस्थ हालत में स्कूल जाते हैं, लेकिन मध्यान भोजन ग्रहण करने के बाद पेट दर्द, उल्टी-दस्त और कमजोरी की शिकायत के साथ घर लौटते हैं। यह सिलसिला कई दिनों से हो रही है। इधर ग्रामीणों ने स्वयं भोजन सामग्री की जांच की तो उनके होश उड़ गए। चावल में कीड़े और कंकड़, सोयाबड़ी में सड़ा पदार्थ, सब्जी में बदबूदार आलू और खाना पकाने के लिए ऐसा तेल उपयोग में लाया जा रहा था जिसकी गुणवत्ता अत्यंत संदिग्ध थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह तेल न सरसों का था, न रिफाइंड बल्कि निम्न स्तर का पाम ऑयल था जिसमें कीड़े तैरते हुए मिले।



स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे ग्रामीण व परिजन।



कंकड़युक्त चावल।

#### मध्यान भोजन में अनियमितता का आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि मध्यान भोजन का संचालन शिव शक्ति स्वयं सहायता समूह को सौंपा गया है, जिसके संचालन में भारी लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि समूह का संचालन ढाबा संचालक के परिवार द्वारा किया जा रहा है और यही कारण भोजन की गुणवत्ता पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन कभी कभार ही दिया जाता है। हरी सब्जी महीने में एक बार से अधिक नहीं बनती। जिससे बच्चों के मध्यान भोजन से पौष्टीक आहार लगभग गायब हो चुके है।

#### आज तक नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों का कहना है कि प्रतापपुर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मन्नूलाल धुर्वे की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी छले छह साल से इसी पद पर जमे हुए हैं। ब्लॉक के अधिकांश स्कूलों की स्थिति बदहाल होने के बावजूद आज तक मध्यान भोजन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो सका और न किसी प्रकार की कार्रवाई की गई। ऐसे में मध्यान भोजन का संचालन मनमानी तरीके से किया जा रहा है।

#### कराई जाएगी जांच

मध्यान भोजन में लापरवाही बरत रहे और बच्चों को पौष्टिक आहार नहीं मिल रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच पर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

-अजय कुमार मिश्रा
डीईओ



## विज्ञान शिक्षकों को आईआईटी जम्मू में दिया गया आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ के पीएमश्री स्कूलों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी–2020 की दिशा में और अधिक सशक्त बनाने तथा शिक्षकों को आधुनिक तकनीक में दक्ष करने की दिशा में बेहतर कदम उठाया गया है,स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर राज्यभर के 151 विज्ञान एवं गणित शिक्षकों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जम्मू में पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया,इस प्रशिक्षण का नेतृत्व पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम द्वारा किया गया,ज्ञात हो कि भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी परियोजना पीएमश्री स्कूल देश में गुणवत्तापूर्ण और समान शिक्षा के तहत स्मार्ट क्लास,डिजिटल लर्निंग, अत्याधुनिक लैब्स, ग्रीन स्कूल, कौशल एवं खेल शिक्षा जैसी सुविधाओं से लैस ये स्कूल अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए रोल मॉडल बनाए जा रहे हैं,इसी श्रृंखला में अध्यापन कर रहे शिक्षकों का कौशल विकास अत्यंत आवश्यक माना गया,जिसके लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया,पांच दिवसीय कार्यशाला में शिक्षकों को स्मार्ट लैब मैनेजमेंट, 3 डी प्रिंटर संचालन, साइबर सिक्योरिटी,गूगल क्लासरूम, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आधारित बेहतर कक्षा संचालन तथा आईआईटी की उन्नत लैब्स का अवलोकन कराया गया। शिक्षकों ने प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से तकनीक को महसूस किया,जिससे भविष्य की कक्षाएं अधिक इंटरैक्टिव,नवाचारपूर्ण और प्रायोगिक होंगी,बताया जा रहा है कि सरगुजा संभाग के 20 पीएमश्री स्कूलों सहित सूरजपुर, जयनगर, बतरा, प्रेमनगर, कोतबा, शिवप्रसादनगर, जशपुर के चयनित शिक्षक प्रशिक्षण हेतु पहुंचे थे,इनमें जयनगर से व्याख्याता खुबचंद राजवाड़े, शिक्षक मुस्कान अग्रवाल, विशाल शर्मा, हिमांशु शर्मा,नैन्सी तिर्की, अर्चना ठाकुर, लोमेश सिन्हा, रविंद्र कुमार भगत शामिल रहे, कार्यशाला में प्राप्त हुए मार्गदर्शन, गतिविधियां और व्यावहारिक प्रशिक्षण ने सभी शिक्षकों में नई ऊर्जा भर दी है, प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए शिक्षकों ने कहा कि यह अनुभव उनके शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी, तकनीक आधारित तथा विद्यार्थियों के लिए लाभकारी बनाएगा, इस महत्वपूर्ण आयोजन में पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम, सुब्बा नायडू, दिनेश चतुर्वेदी, संदीप, मुस्कान अग्रवाल, कल्पना दास, लोकनाथ, अमित, शीतल, लोमेश सिन्हा, श्वेता सहित अन्य शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## भाजपा मंडल ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण, किसानों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर



भाजपा मंडल ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ने केंद्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित किसानों से सीधे संवाद स्थापित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि किसानों का एक-एक दाना धान सरकार द्वारा खरीदा जाएगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन नीति इसका दृढ़ प्रमाण है। सभी समितियों में भाजपा निगरानी समिति का गठन कर दिया गया है।

इन हेल्प डेस्कों पर किसानों की शिकायतें एवं समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू तथा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल ने भी संबोधित किया। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कामेश्वर रजवाड़े ने आभार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, बृज किशोर पांडे, समिति अध्यक्ष बोधन सिंह, मंडल उपाध्यक्ष यतेन्द्र पांडे, अमित गुप्ता, सत्यनारायण साहू, महामंत्री सचिन अग्रवाल, महेश्वर रजवाड़े, सुरेश जायसवाल, राकेश साहू, घर भरन राजवाड़े, सतनारायण तिवारी, काशी साहू, रंजीत दास सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

### घर से लापता युवती ने फांसी लगा की आत्महत्या

**दरिमा।** दरिमा थानान्तर्गत ग्राम पंचायत चारपारा निवासी एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि प्रशीला कुजूर पिता मुन्नाराम (22वर्ष) बुधवार को सुबह 7.30 बजे मोबाइल पर बात करते हुए घर से निकली तथा वापस घर नहीं लौटी। परिजन उसकी खोजबीन करने निकले थे। इस दौरान नागेरा घुटरा में उसके फांसी पर लटके होने की जानकारी मिली तो परिजन घटनास्थल पर पहुंचे जहां प्रशील साड़ी के फंदे में झूल रही थी। प्रशीला के भाई की सूचना पर तत्काल दरिमा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा लाश को पेड़ से उतरवाया। पंचनामा उपरांत लाश को पीएम के लिए भेजा गया। पीएम उपरांत पुलिस ने शव परिजन को सौंप दी है।

## फुटबॉल मैच के फाइनल में कर्रा की टीम बनी विजेता



**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम जमुनिया में आयोजित फुटबॉल मैच का समापन गुरुवार को किया गया। फाइनल मुकाबले के साथ ही समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल शामिल हुए। प्रतियोगिता के दौरान फाइनल मैच चिलमाकला (महानपारा) और कर्रा की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार कौशल और संघर्ष दिखाते हुए दर्शकों को बांधे रखा। मैच के दौरान कई रोमांचक क्षण देखने को मिले लेकिन अंततः उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कर्रा की टीम विजयी बनी। खिलाड़ियों ने अपनी टीम भावना, अनुशासन और रणनीति से दर्शकों की जोरदार तालियां बटोरीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आकाश अग्रवाल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आपसी सहयोग और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते रहने तथा बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि जनपद स्तर पर खेल सुविधाओं के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में जनपद सदस्य करमसाय, ग्राम कर्रा सरपंच जयंती सरकार, जमुनिया सरपंच श्रीमती संगीता कुजूर, पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
रा.प्र.क्र./....../अ-20(3)/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रामलाल यादव आ. धनसाय उम्र लगभग 59 वर्ष जाति बरगाह निवासी भटठापारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के द्वारा शीट नम्बर 11 मोहल्ला भट्ठापारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 4506/2 रकबा 50 वर्गमीटर भूमि एवं मकान को अनावेदिका/क्रेता सुनीता राजवाड़े पत्नी संजय कुमार उम्र लगभग 37 वर्ष जाति रजवार निवासी ग्राम बगदर्री तहसील लखनपुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/12/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः-3/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /अ-27/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचरण आ. स्व. सुखल, जाति बरगाह, निवासी ग्राम नर्बदापारा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा ग्राम नर्बदापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 172/8, 103/2, 110/2, 234/2, 254/3, 440/1, 443/4, 457/1, 458/1, 523/3 कुल खसरा नंबर 10 कुल रकबा 0.540 हे. भूमि का अपने जीवन काल में खाता बटवारा कराने बावत् आवेदन छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 (क) के तहत् प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 31/12/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार,**
**अम्बिकापुर-02**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /अ-27/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बुद्धदेव विश्वास आ. स्व. मादर विश्वास, निवासी ग्राम नेहरूनगर, तहसील अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा छ.ग. द्वारा ग्राम नेहरूनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 54/1, 68/1, 68/17, 74/1 कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 1.660 हे. भूमि का अपने जीवन काल में खाता बटवारा कराने बावत् आवेदन छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 (क) के तहत् प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 31/12/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार,**
**अम्बिकापुर-02**

























Jeevan Jyoti
SUPER SPECIALITY HOSPITAL
A Unit of MHRC Pvt Ltd जीवन रक्षायाः कृत् संकल्पः
जीवन ज्योति हॉस्पिटल
की 15वीं वर्षगांठ पर
शुभारंभ
12 / 12 / 2025
SHREE IVF
टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
सारी फर्टिलिटी इलाज़ एक ही छत के नीचे
जीवन ज्योति सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल नया बस स्टैंड के पास, अंबिकापुर 9343608295/86
Jeevan Jyoti Hospital
"उत्तर छत्तीसगढ़ का NABH फुली एक्रेडिटेड (NABH Fully Accredited) हॉस्पिटल"
15 years Anniversary
Jeevan Jyoti Hospital
A Unit of MHRC Pvt Ltd जीवन रक्षायाः कृत् संकल्पः
वर्षो से अंबिकापुर में सफलतापूर्वक आपकी सेवा में...
जीवन ज्योति
सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• आई.सी.यू. एडवांस ट्रामा केयर न्यूरोसर्जरी
• आर्थोपेडिक
• कालपोस्कोपी, डायलिसिस।
• स्त्री एवं प्रसूति संबंधी सर्जरी
• जनरल एवं लेपो स्कोपित सर्जरी
• स्ट्रोक यूनिट
• डायलिसिस यूनिट
• नियोनेटल केयर यूनिट
• 24X7 अपातकालीन सुविधाअत्याधुनिक उपकरणों में सुसजित मेडिकल
• सर्जिकल आई.सी.यू.।
• एडवांस ट्रामाकेयर न्यूरो एवं स्पाईन सेंटर व उच्चस्तरीय माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर।
• 24X7 डायग्नोस्टिक एडवांस पैथोलॉजी, सीटी स्केन, एम.आर.आई इकोकलर डापलर ।
• डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी, ई.सी.जी., पीएफटी, बी.एम.डी., टी.एम.टी. एण्डोस्कोपी,
• 100 + श्य्या से सुसजित हॉस्पिटल।
• मरीजों के परीजनो के लिए कैटिन सुविधा।
• परिजनों हेतु परिजन कक्ष उपलब्ध।
24/7 Emergency Services
IN-HOUSE
DR. J K SINGH (MD MEDICINE)
DR. SNEHA SINGH (OBS & GYNEC) INFERTILITY SPECIALIST
DR. AAKASH SINGH (MD PATHOLOGY)
DR. SURAJ M. LATHIYA (NEUROSURGEON)
DR. VINAY KARNIK (ORTHOPEDIC)
DT. SUMAN SINGH (DIETICIAN)
DR. SHRADDHANAND KUJUR (ANAESTHESIA)
Dr Shreya Singh (Pshyotherpist)
VISITING DOCTOR LIST
DR. ANKIT GUPTA (PEDIATRICIAN)
DR. ROOPAK KUMAR (ANAESTHESIA)
DR. SUNIDH GUPTA (DENTAL SURGEON)
DR. DEEPAK GHORMODE (PSYCHIATRIST)
DR. PRASHANT THAKUR (PEDIATRIC CARDIOLOGIST)
DR. KUNWAR SIDDHARTH SAURABH (VASCULAR SURGEON)
DR. SHOUBHIK CHANDRA (UROLOGIST)
डॉ. जे.के. सिंह
चेयरमेन
श्रीमती संध्या सिंह
डॉयरेक्टर
डॉ. स्नेहा सिंह
एमएस. गायनिक
डॉ. आकाश सिंह
एमडी. पैथोलॉजिस्ट
24 घंटे सुपर स्पेशलिटी सर्विसेज
ब्रेन और स्पाइन सर्जरी
हृदय रोग एंजियोग्राफी/एंजियोप्लास्टी/पेस मेकर
NOW आईवीएफ सुविधाएं
नया बस स्टैण्ड के पास, रिंग रोड, दर्रीपारा, अंबिकापुर
6261177373, 8120626360

## खबर संक्षेप



### पीएमश्री एकलव्य आवासीय विद्यालय में मनाया गया भारतीय भाषा उत्सव सप्ताह

**बलरामपुर।** पीएमश्री एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भेलवाडीह में 4 से 11 दिसंबर तक 7 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव सप्ताह मनाया गया। इस आयोजन में विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। इस उत्सव सप्ताह का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास, मातृभाषा एवं भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान, भाषाई विरासत का संरक्षण, तथा एकता और अखंडता की भावना को प्रोत्साहित करना था। एक सप्ताह तक कक्षाओं में विभिन्न भारतीय भाषाओं के शब्दों का उपयोग करते हुए भाषा वृक्ष का निर्माण, अलग-अलग भारतीय भाषाओं में गीत, कविताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, वॉइस ऑफ लैंग्वेज' पॉडकास्ट के माध्यम से भाषाई अनुभव साझा करना, रोचक तरीकों से विभिन्न भारतीय भाषाओं के शब्द सीखने की गतिविधियां, विभिन्न भाषाओं में पत्र लेखन और लघु कथाओं का आदान-प्रदान, छात्रों द्वारा लैंग्वेज एक्सप्लोरेशन क्लब की स्थापना तथा इंटरएक्टिव भाषा मेले का आयोजन किया गया। इन सभी गतिविधियों की जिम्मेदारी टीजीटी हिन्दी शिक्षिका श्रीमती अमिता उपाध्याय द्वारा सफलतापूर्वक निभाई गई। विद्यालय के प्राचार्य धनेश्वर राम ने सभी गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए छात्रों और शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। टीजीटी सामाजिक विज्ञान के अध्यापक सचिन शर्मा ने बताया कि पूरे सप्ताह का आयोजन अत्यंत सफल, सुव्यवस्थित और शिक्षाप्रद रहा।

### छात्राओं को किया गया साइकिल का वितरण



**राजपुर।** विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरियों एवं हाई स्कूल आरा में गुरुवार को शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा शामिल हुई। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे बड़ा साधन है। साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और उनकी उपस्थिति व पढ़ाई दोनों में सकारात्मक वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के उत्थान और बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए लगातार योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुमन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, बृजपाल सिंह, सरपंच बरियों रवि टेकाम, सरपंच आरा अचन राम, सरपंच घटगांव शहल राम, सुनील जायसवाल, विष्णु अग्रवाल, रवि गुप्ता, अरविंद गुप्ता सहित पालक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधायक ने छात्राओं को वितरण की साइकिल



**सोनगरा।** ग्राम सोनगरा में बुधवार को आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और स्कूल की छात्राओं को साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सरकार द्वारा संचालित शिक्षा, सुरक्षा, छात्रवृत्ति और महिलाओं से जुड़े कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि किसी भी बच्चे की शिक्षा दूरी या आर्थिक स्थिति के कारण बाधित न हो। विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। विधायक ने बालिकाओं को उच्च शिक्षा, खेल और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अनुशासन, संस्कार और खेलकूद की ओर भी मार्गदर्शन देने की बात कही। इस दौरान सरपंच कृष्णा सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, मंडल महामंत्री दीपक मिश्रा, दशरथ सिंह, समय लाल मिश्रा, जय बहादुर सिंह, मीना श्रीवास्तव, किरण गुप्ता, राजू शर्मा, अनुराग द्विवेदी, धनेश्वर राजवाड़े, विकास तिवारी, आशीष दुबे, मनीष मिश्रा, अशोक प्रजापति, रामदुलार सिंह, संजय मिश्रा, संजय मिश्रा, नागेन्द्र सिंह, मंजू गुप्ता, पिताम्बरी पैकरा, सुजीत मेहता, शिव सिंह, रोशन, जांलिधर राजवाड़े, भुनेश्वर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पीलिया से पीड़ित युवक की अस्पताल लाते समय मौत

**अम्बिकापुर।** पीलिया बीमारी से पीड़ित युवक की अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम डडगांव निवासी सोनू नागेश आ. केन्दल नागेश (39 वर्ष) की बुधवार को अचानक तबीयत बिगड़ जाने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल लेकर आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। परिजन युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इधर युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। परिजन ने पुलिस को बताया की युवक पीलिया बीमारी से पीड़ित था।

## वनभूमि को ग्रामीण बना रहे खेत

# चांदनी-बिहारपुर के जंगलों में अवैध अतिक्रमण विभाग के लिए बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- बढ़ी अवैध कटाई एवं लकड़ी तस्करी की घटनाएं

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में ग्रामीण वनभूमि में धड़ल्ले से अवैध अतिक्रमण कर रहे हैं। वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण के कारण जंगल तेजी से ठूंठ में बदल रहे हैं। विभाग ने कुछ महीने पहले कुछ गांवों में अवैध अतिक्रमणों का चिन्हांकन कर काबिज वनभूमि को सुरक्षित करने की पहल की थी लेकिन अतिक्रमणकारियों पर इसका कोई प्रभाव पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है।

कभी घने वनों के कारण चर्चा में रहने वाले चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के जंगल अब तेजी से सिमटते जा रहे हैं। वनभूमि अधिकार के लालच में क्षेत्रवासी तेजी से वनों का सफाया करने के साथ ही वनभूमि को खेत बना रहे हैं। अवैध अतिक्रमणकारियों की दबंगई के कारण वन अमला अतिक्रमण हटाने के बजाय ऐसे तत्वों का सहयोगी बन गया है। वनभूमि को खेत बनाने का सिलसिला हाल की घटना नहीं है। यह सिलसिला वर्षों से चल रहा है। पूर्व में ग्रामीण अवैध अतिक्रमण का विरोध करते थे लेकिन अवैध अतिक्रमण में कमोवेश सबकी भागीदारी होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों ने भी इस मामले में चुप्पी साध ली है। ग्रामीण योजनाबद्ध तरीके से पहले पेड़ों का छिलका उतार देते हैं जिससे पेड़ सूख जाते हैं। सूखे पेड़ों को को काटने के बाद ग्रामीण वनभूमि को जोतकर खेती करने लगते है। क्षेत्र का शायद ही कोई ऐसा जंगल बचा हो जहां अवैध अतिक्रमण नहीं हो। क्षेत्र के कछवारी, कोल्हुआ, खैरा, ठाड़ पाथर, पेंडारी, उमझर आदि के जंगलों में एक बार फिर अवैध अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है। ग्राम पंचायत करौटी ए के आश्रित ग्राम चोंगा से सटे जंगल में ग्रामीणों ने लगभग 200 एकड़ वनभूमि पर कब्जा कर खेत बना डाला है।



सड़क किनारे की वन भूमि निर्मित पक्का मकान।

**लगातार कम हो रहा घनत्व**

अवैध अतिक्रमण के साथ ही तस्कर ग्रामीणों के सहयोग से पेड़ों की कटाई कर चौखट की तस्करी कर रहे हैं। अवैध कटाई से जंगल के पुराने मोटे पेड़ों का पूरी तरह सफाया हो गया है। कुछ दूरी पर ही मध्यप्रदेश की सीमा होने के कारण ग्रामीण जंगल के रास्ते सीमावर्ती गांवों तक अवैध सिल्ली पहुंचाते हैं जहा पूर्व से ही खरीददार मौजूद रहते हैं। लकड़ी तस्करी में तीन गुना अधिक मुनाफा होने के कारण क्षेत्र में लकड़ी तस्करी बड़ा व्यवसाय बन गया है। अवैध अतिक्रमण एवं लकड़ी तस्करी को रोकने विभाग द्वारा अब तक कोई कारगर पहल नहीं की गई है।

**सुरक्षित भूमि पर भी कब्जा**

वन विभाग ने चार महीने पूर्व ग्राम महुली एवं चोंगा में वनभूमि पर ग्रामीणों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण का चिन्हांकन किया था। चिन्हांकित वनभूमि सुरक्षा के लिए पौधरोपण कराने की योजना बनाई गई थी। विभाग ने अतिक्रमित वनभूमि के दोनों तरफ सीपीटी खुदवाया था। ग्रामीणों ने विभाग द्वारा चिन्हांकित भूमि पर फिर से अपना कब्जा जमा लिया है।

**संकट में सड़क किनारे की भूमि**

मुख्य मार्ग से सटे वनभूमि से अतिक्रमणकारियों का लगाव बढ़ गया है। सड़क किनारे की वनभूमि पर लोगों ने जगह-जगह झोपड़ी बनाकर तो कहीं पक्का मकान बनाकर अपना कब्जा जमा लिया है। अब सड़क किनारे की काबिज वनभूमि की खरीद-फरोख्त भी शुरू हो गई है। अतिक्रमणकारी सड़क किनारे की काबिज वनभूमि का विक्रय कर मोटी राशि वसूल रहे हैं।

**होगी कारगर पहल**

जल्द ही क्षेत्र के जंगलों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया जाएगा तथा अवैध अतिक्रमण को रोकने कारगर पहल की जाएगी।

-दुलेश्वर साहू
डीएफओ, सूरजपुर

## जल, जंगल व जमीन पर अधिकार बना रहे इसलिए सरगुजा में पांचवी अनुसूची : लैतफलांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव ने मैनपाट में बॉक्साइट खदान के प्रभावितों से की मुलाकात

कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सुश्री जरिता लैतफलांग ने गुरुवार को मैनपाट का दौरा कर बॉक्साइट खनन के प्रभावितों से मुलाकात की।

हाल ही में बॉक्साइट खदानों के लिए बिना किसी पूर्व सूचना के पर्यावरण स्वीकृति के लिए आयोजित सभा में स्थानीय निवासियों और प्रशासन के बीच संघर्ष की स्थिति निर्मित हो गई थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को नजर इन पर बनी हुई है। इस बात का अंदाजा इससे लगता है कि कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सुश्री जरिता लैतफलांग हालिया दौरा ऐसे ही क्षेत्रों पर केंद्रित रहा। रायगढ़ के तमनार के बाद परसोढि कला, फिर आज मैनपाट के दौरे के बाद उन्होंने कहा कि लगभग सभी जगहों पर यह स्पष्ट हुआ है कि स्थानीय निवासियों की मंशा और स्वीकृति के विपरीत खनन कंपनियों के मुनाफे के लिए सरकार अपने तंत्र का इस्तेमाल कर उन्हें बेदखल कर रही है। प्रभावित लोगों से मुलाकात के दौरान सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरगुजा में पांचवीं अनुसूची लागू है। यह इसलिए लागू है ताकि यहां के जल, जंगल, जमीन पर आपका अधिकार कायम रहे। लेकिन छत्तीसगढ़ की मौजूदा भाजपा सरकार पूंजीपतियों के इशारे पर आपके इस जल, जंगल और जमीन को लूट रही है। इस लूट के बाद पांचवीं अनुसूची से आपको मिले अधिकार बेमानी हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि आपके जल, जंगल, जमीन की लड़ाई में कांग्रेस आपके साथ है। कांग्रेस विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इन मुद्दों को जोर शोर के साथ उठाने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक आदिवासी के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके आदिवासी समुदाय के हित में खड़े रहने की संभावना थी। लेकिन पूंजीपतियों और कंपनियों के द्वारा आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन को बेखौफ होकर लुटा जा रहा है। इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मो इस्लाम, डॉ लालचंद यादव, अनिल सिंह, बलराम यादव, तिलक बेहरा, अटल यादव, फूल साय लकड़ा, राजेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, गणेश सोनी ,बदरुद्दीन इराक, अमित सिंह सहित मैनपाट ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



### रामानुजगंज में कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिहर यादव का भव्य स्वागत

**रामानुजगंज।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरिहर यादव के प्रथम आगमन पर नगर में उनका भव्य स्वागत किया गया। पदभार ग्रहण समारोह के लिए बलरामपुर स्थित राजीव भवन जाते समय हरिहर यादव के रामानुजगंज पहुंचते ही भारत माता चौक पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेता अजय सोनी, अरविन्द दुबे, वीरेंद्र सिंह, एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह, अरुण अग्रवाल, कौशल जायसवाल, अशोक गोंड, मोहम्मद बक्स, अशोक बर्मन, विकास दुबे, नीरज गुप्ता, निशांत चौबे, इंतखाब अंसारी, क्षितिज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुराना बस स्टैंड में अचेत मिले युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** पुराना बस स्टैंड में लगभग 35 वर्षीय युवक को अचेत हालत में देख लोगों ने सूचना संजीवनी 108 को दी। सूचना पर संजीवनी 108 के कर्मचारी युवक को गंभीर हालत मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मंगलवार सुबह उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक के साथ परिजन के नहीं होने तथा पहचान नहीं होने पर शव को पहचान के लिए अस्पताल के मरच्यूरी में रखवा दिया है।

### विज्ञान विषय नवीन पाठ्य पुस्तक के संबंध शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**ओड़गी।** विकासखंड स्तरीय नवीन पाठ्य पुस्तक के संबंध में माध्यमिक शाला के विज्ञान विषय एवं प्राथमिक शाला के पहली से तीसरी तक का प्रशिक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी ओड़गी राजीव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नरेंद्र दुबे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभिषेक सिंह के सहयोग से प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिसमें मास्टर ट्रेनर ऋषि पांडे, वैशाली वैष्णो, देव लाल पटेल, लक्ष्मण कुमार, अभिषेक शर्मा द्वारा नवीन पाठ पुस्तक से संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्राथमिक शाला से 57 शिक्षक शिक्षिकाएं एवं माध्यमिक शाला से 71 शिक्षक शिक्षिका पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य एनईपी 20 -20 के आधार पर नवीन पाठ्य पुस्तक का निर्माण हुआ है जिसमें कक्षा छठवीं के विज्ञान विषय का नाम बदलकर जिज्ञासा साथ में इसमें तीन विषयों का समायोजन किया गया है। खेल यात्रा, कौशल बोध, कृति -कला शिक्षा, इन महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण कराया जा रहा।



## हेल्थ प्लस

# जीवन ज्योति हॉस्पिटल के 15 साल पूरे आज से आईवीएफ क्लिनिक की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कैबिनेट मंत्री नेताम करेंगे शुभारंभ

जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल 12 दिसम्बर को अपने 15 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर रहा है। इस अवसर पर अस्पताल में आईवीएफ क्लिनिक की शुरुआत भी की जाएगी जिससे संभाग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा एक ही छत के नीचे मिल सकेगी। बता दें कि जीवन ज्योति हॉस्पिटल की स्थापना वर्ष 2010 में की गई थी। यह अस्पताल विश्व स्तरीय चिकित्सा देखभाल, उन्नत तकनीक और अनुभवी विशेषज्ञों की एक टीम के साथ स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में काम कर रहा है। दो एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले अत्याधुनिक चार मंजिला भवन में 125 बिस्तरों की क्षमता के साथ, यह अस्पताल स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित आधुनिक ऑपरेशन थिएटरों से लेकर विशेष कैथेटराइजेशन लैब (कैथ लैब) की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही चौबीसों घंटे पूर्णकालिक न्यूरोसर्जन उपलब्ध रहते हैं। अस्पताल में लेप्रोस्कोपी, हिस्टेरोस्कोपी, उन्नत एंडोस्कोपिक न्यूरो उपकरण उपलब्ध है। हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ जेके सिंह ने बताया कि 2 साल से हॉस्पिटल में एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी व पेसमेकर की सुविधा एडवांस कैथ लैब के साथ मरीजों को दी जा रही है। अस्पताल के एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ. आकाश सिंह ने बताया कि अस्पताल में इन-हाउस डायग्नोस्टिक सेंटर और पैथोलॉजी लैब है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि उत्तरी छत्तीसगढ़ में स्थित एकमात्र दुर्घटना एवं आपातकालीन देखभाल केंद्र हैं। अस्पताल के बेड़े में एक अत्याधुनिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस है जो गंभीर आघात के मामलों को कुशलतापूर्वक संभालने की इसकी क्षमता का प्रमाण है। अस्पताल के 15 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर जीवन ज्योति हॉस्पिटल में श्री आईवीएफ क्लिनिक के रूप मे सुविधाओं का नया अध्याय जुड़ेगा। आईवीएफ क्लिनिक का भव्य शुभारंभ 12 दिसंबर को कृषि मंत्री राम विचार नेताम एक समारोह में करेंगे। विशेषज्ञ डॉ. स्नेहा सिंह ने बताया कि आईवीएफ क्लिनिक की स्थापना से क्षेत्र के उन दंपतियों को बड़ी सहायता मिलेगी जो संतान सुख की इच्छा रखते हैं।




## विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से 42 किमी सड़क व 23 ग्रामीण मार्गों को स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



प्रतापपुर क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित सड़क विकास कार्यों को बड़ा बल मिला है। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से प्रतापपुर चौक से प्रतापपुर तक लगभग 42 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण व मजबुतीकरण के लिए शासन ने 24 करोड़ 58 लाख रुपये की प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति जारी कर दी है। साथ ही प्रतापपुर ब्लॉक के विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली 23 ग्रामीण सड़कों को भी मंजूरी मिली है।

यह 42 किमी सड़क प्रतिदिन भारी वाहनों, ग्रामीण यात्रियों और कृषि उत्पादों के आवागमन का मुख्य मार्ग है। अत्यधिक दबाव के कारण कई हिस्सों में सड़क टूटकर जर्जर हो चुकी थी। नए प्रस्ताव के अनुसार पम्पापुर–केरता चौक तक 1600 मीटर सीसी रोड बनाया जाएगा, जबकि शेष मार्ग पर उच्च गुणवत्ता का डामरीकरण किया जाएगा। तकनीकी स्वीकृति मिलते ही जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होने वाली है। इसके साथ ही क्षेत्र की बड़ी जरूरत को देखते हुए प्रतापपुर ब्लॉक की कुल 23 नई ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति मिली है, जिनमें बरगिधी–औराहा, डांड़–धूमाडांड़, परमेश्वरपुर–अहिरपारा, मजदूर्गुड़ी–मयापुर, सिगरा–चाचीडांड़–तरापानी, प्रतापपुर–खोरमा, हरिहरपुर–बिहिड़ांड, भेड़िया खास–महुआडांड़, पहिया–खुंसी नवापारा सहित अन्य मार्ग शामिल हैं। इन सड़कों के बन जाने से गांवों का सीधा संपर्क मुख्य सड़क से हो जाएगा, जिससे आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि कार्यों में बड़ी सुविधा मिलेगी।



### एसआईआर को लेकर एसडीएम ने जनप्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा

**बिश्रामपुर।** एसआईआर की तिथि बढ़ने उपरांत आज गुरुवार को एसडीएम शिवानी जायसवाल की उपस्थिति में नगर पंचायत के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आहूत की गई,बैठक में एसडीएम शिवानी जायसवाल ने कहा कि ग्राउंड स्तर पर एसआईआर का सत्यापन कार्य की स्थिति किस प्रकार चल रही है,इसका सभी बीएलओ व बीएलए की उपस्थिति में समीक्षा की गई,इस दौरान यह बात सामने आई कि बूथ क्रमांक 98 व 100 में कार्य अधूरा चल रहा है,जिस पर एसडीएम ने कहा कि सभी आपसी तालमेल के साथ उक्त दोनों बूथ की एसआईआर प्रक्रिया को पूर्ण करें,बैठक में एसडीएम ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में जो लोग भी अनुपस्थित हैं,उनसे फोन के माध्यम से भी संपर्क करके यदि अपना फॉर्म जमा करना चाहते हैं तो उनके फॉर्म को भरवाकर पूर्ण कराया जाए,यहां पर एएसडी सूची की विसंगति को पूर्ण रूप से सुधारने की बात कही गई,एसडीएम शिवानी जायसवाल ने बताया कि एसआईआर की सूची को सभी बीएलओ व बीएलए के समक्ष रखा गया,जिसमें कुछ पार्षदों द्वारा कुछ और लोगों के नाम को जुड़वाने हेतु पहल करने का आश्वासन दिया गया है,इस दौरान सुरजपुर तहसीलदार सूर्यकांत साय, नगर पंचायत बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पार्षद रविशंकर बउवा, संजीत यादव, अरुण जायसवाल, नपं के रनदीप दास व अन्य उपस्थित थे।

### अग्नि–वीर प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों की सूची जमा करने निर्देश

**भैयाथान।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र सूरजपुर ने ग्रामीण युवाओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। केंद्र द्वारा जनपद पंचायतों को पत्र भेजकर अग्नि–वीर भर्ती प्रशिक्षण के लिए चयनित एवं इच्छुक अभ्यर्थियों की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि प्रशिक्षण प्रक्रिया समय पर संचालित हो सके। पत्र के अनुसार जनपद पंचायत मुख्यालयों में निर्धारित स्थान पर अग्नि–वीर भर्ती के लिए शारीरिक प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का लाभ अधिक से अधिक युवाओं को मिल सके, इसके लिए जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि एक सप्ताह के भीतर पात्र अभ्यर्थियों की सूची प्रस्तुत की जाए। इसी क्रम में जनपद पंचायत भैयाथान के सीईओ विनय गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के युवाओं से अग्नि–वीर प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं, वे अपना नाम,ग्राम पंचायत, मोबाइल नंबर सहित संपूर्ण विवरण निर्धारित प्रपत्र में जनपद कार्यालय में जमा कर सकते है। सीईओ ने कहा कि समय पर जानकारी उपलब्ध कराने से युवाओं को प्रशिक्षण का सीधा लाभ मिलेगा और आगे की चयन प्रक्रिया सुचारू रूप से हो सकेगी।







